>

Title: Need to take steps for conservation of Dolphins at the confluence of rivers in Allahabad and accord the status of tourist place to Allahabad.

**श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद):** मैं एक ऐसे विषय को उठा रहा हूं जो अविलंबनीय है और लोक महत्व का है। आप गोवा से आते हैं। आपने देखा होगा कि गोवा में डॉल्फिन पाई जाती है। लेकिन हमारे इलाहाबाद में गंगा नदी में उनकी संख्या लगभग तीन सौ है। अभी एक सर्वे कराया गया जिसमें 40 किलोमीटर के रेडियस में लगभग तीन सौ डॉल्फिन हैं। वहां पर पहले से ही संगम क्षेत्र में, जहां पर हर साल माघ में करोड़ों लोग आते हैं और अर्ध कुंभ मेला, कुंभ मेला लगता है। कुल मिलाकर बीसियों करोड़ लोग वहां आते हैं। उसमें विदेशी सैलानी भी आते हैं।

मान्यवर, डालफिन पैदा होने के एक महीने के अंदर ही प्रदूषण को खाने लगती है। लगभग उनकी उम्र 22 साल होती है यानी 22 साल उनका जीवन होता है। 22 साल में वे काफी प्रदूषण को दूर करती हैं। एक ऐसी प्रजाति है, जो करछना, जसरा, बारा, टड़िया आदि इन तहसीलों में फैली हुई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इनका संरक्षण करने के लिए सरकार एक योजना की घोषणा करे। इसी के साथ-साथ इलाहाबाद को पर्यटन की दृष्टि से, क्योंकि और जगह नहीं पाने से इलाहाबाद में विदेशी सैलानी और पक्षी भी आते हैं, तो इलाहाबाद प्रयाग को पर्यटक स्थल घोषित किया जाये, यह मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं।

**सभापति महोदय :** श्री प्रदीप माझी-- उपस्थित नहीं।